# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं.-2918**
**दिनांक- 25.12.2025**

**जोन- पूर्वी / थाना- गोमतीनगर**

- **थाना गोमतीनगर पुलिस द्वारा 01 शातिर चोर / अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से 01 अदद DELL LAPTOP, 01 अदद लैपटाप चार्जर , 01 अदद MIC केबिल बरामद।**

**01-सक्षिप्त विवरणः-**

थाना स्थानीय पर दिनांक 07.12.2025 को वादिनी मुकदमा श्रीमती अदिती मुखर्जी पुत्री श्री अमिताभ रस्तोगी नि0 बी-705 सेक्टर सी थाना महानगर लखनऊ के प्रार्थना पत्र के आधार पर बावत अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका की टीनी वीनी संस्था में चोरी होने के सम्बन्ध में विषयक के आधार पर पंजीकृत 557/2025 धारा 305(A)बी.एन.एस. थाना गोमतीनगर बनाम अज्ञात पंजीकृत होकर विवेचना म0उ0नि0 राखी सिंह को सुपुर्द हुई थी।

दिनांक 24.12.2025 को थाना गोमतीनगर पुलिस टीम द्वारा उच्चाधिकारीगणों के निर्देशन में मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित अभियुक्त आदित्य गौतम पुत्र पप्पू गौतम निवासी- भीम नगर उजरियांव थाना गोमतीनगर लखनऊ उम्र करीब 21वर्ष को मुखबिर की सूचना पर सहारा पुल के पास विपुलखंड के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से बरामद 01 अदद DELL LAPTOP, 01 अदद लैपटाप चार्जर , 01 अदद MIC केबिल बरामद किया गया जो अभियुक्त द्वारा टीनी वीनी संस्था म0नं0 4/245 विवेकखण्ड गोमतीनगर लखनऊ से चोरी कर लिया गया था, बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**02-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

1. आदित्य गौतम पुत्र पप्पू गौतम निवासी- भीम नगर उजरियांव थाना गोमतीनगर लखनऊ उम्र करीब 21वर्ष

**03-अनावरित अभियोग-**

1. मु.अ.सं. -557/2025 धारा- 305(A)/317(2) बी.एन.एस. थाना गोमतीनगर लखनऊ

**04-बरामदगीः-**

- 01 अदद DELL LAPTOP, 01 अदद लैपटाप चार्जर, 01 अदद MIC केबिल

**06-गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. म0उ0नि0 राखी सिंह
2. कां0 अंकुर चौधरी
3. कां0 आकाश यादव
4. धर्मवीर सिंह

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

### मिशन शक्ति 5.0- महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर किया जागरूक

**थाना माल क्षेत्र के नवीपनाह तिराहा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों, सरकारी योजनाओं और आत्मरक्षा के सिखाए गुर। विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं, साइबर अपराधों से बचाव के उपाय, यूपी-कॉप एप के उपयोग, तथा पिंक बूथ, पिंक स्कूटी के बारे में विस्तृत जानकारी देकर महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने के प्रति किया गया जागरूक।**

**दिनांक- 25.12.2025**

**लखनऊ, दिनांक: 13 अक्टूबर, 2025** - पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति 5.0" अभियान के तहत थाना माल क्षेत्र में सोमवार को एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।

श्रीमान पुलिस आयुक्त, लखनऊ, के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु व्यापक जागरूकता गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। इस क्रम में, जनपद के 54 थानों पर **मिशन शक्ति केंद्र** स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिला संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु समर्पित अधिकारियों (निरीक्षक, अतिरिक्त निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक) की नियुक्ति की गई है।

***आयोजन/आयोजन स्थल-***

- **महिला उप निरीक्षक खुशबू यादव,** थाना माल लखनऊ कमिश्नरेट।
- का0 आशीष, थाना माल लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला पीआरडी मंजूलता, थाना माल लखनऊ कमिश्नरेट।
- थाना माल क्षेत्र, लखनऊ के अंतर्गत नवीपनाह तिराहा, माल में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**आयोजक टीम-**

- ✓ महिला उप निरीक्षक खुशबू यादव, थाना माल लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ का0 आशीष, थाना माल लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ महिला पीआरडी मंजूलता, थाना माल लखनऊ कमिश्नरेट

## कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:-

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान "मिशन शक्ति 5.0" के तहत आज दिनांक 25/12/2025 को प्रभारी निरीक्षक महोदय के सानिध्य में नवीपनाह तिराहा थाना माल जनपद लखनऊ में थाना स्थानीय से मौजूद फोर्स द्वारा छात्र-छात्राओं व महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए पुलिस हेल्पलाइन नंबर जैसे जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (महिला सुरक्षा ऐप) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)—की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही, उन्हें साइबर अपराधों से बचाव के उपाय, यूपी-कोप ऐप के उपयोग, तथा पिंक बूथ, पिंक स्कूटी और महिला हेल्प डेस्क जैसी पुलिस की विशेष पहलों से अवगत कराया गया। टीम ने "गुड टच-बैड टच" जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करते हुए बालिकाओं को व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और आत्मरक्षा के तरीके सिखाए। इसके अलावा, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के निषेध तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी साझा की गई। जागरूकता को और व्यापक बनाने के लिए सभी उपस्थित लोगों के बीच जानकारी पत्रक व पम्फलेट का वितरण भी किया गया। यह आयोजन मिशन शक्ति के उस व्यापक लक्ष्य को आगे बढ़ाता है, जिसके तहत लखनऊ के 54 थानों पर विशेष "मिशन शक्ति केंद्र" स्थापित किए गए हैं, ताकि महिलाओं की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## मुख्य जागरूकता बिंदु:-

1. महिलाओं को **आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता** के लिए प्रेरित किया गया।
2. **"गुड टच" और "बैड टच"** के माध्यम से संवेदनशील विषयों पर जागरूकता बढ़ाई गई।
3. **साइबर अपराधों से सुरक्षा** हेतु सावधानी और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया समझाई गई।
4. **बाल विवाह निषेध, महिला अधिकार एवं सरकारी योजनाओं** से संबंधित जानकारी दी गई।
5. उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं में जागरूकता हेतु **पम्फलेट और जानकारी पत्रक वितरित किए गए।**

## उद्देश्य एवं महत्व-

मिशन शक्ति 5.0 अभियान न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास करा रहा है, बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रख रहा है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

**मिशन शक्ति 5.0- हर कदम पर सुरक्षा, हर हाथ में शिक्षा, हर महिला का अपना अधिकार।**

**थाना पारा की पिंक बूथ 25 टीम द्वारा थाना पारा क्षेत्र में राहगीरो (महिलाओं और बच्चो) को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने और उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव की दी गई जानकारी।**

**दिनांक- 25.12.2025**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना पारा की पिंक बूथ 25 टीम द्वारा थानाक्षेत्र पारा में मिशन शक्ति के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें राहगीर महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई और साथ ही उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया। यह पहला सकारात्मक कदम है जो समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश फैला रहा है।

### आयोजक/ अयोजन स्थल

- महिला का0 पूजी सरोज, पिंक बूथ 25 थाना पारा , लखनऊ कमिश्नरेट

### प्रतिभाग-

- महिला का0 पूजी सरोज, पिंक बूथ 25 थाना पारा , लखनऊ कमिश्नरेट
- थाना पारा क्षेत्र के अंतर्गत करीब 20- 25 महिलाए व बच्चे।

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

थाना पारा की पिंक बूथ 25 टीम द्वारा दिनांक 25.12.2025 को थाना पारा क्षेत्र के अंतर्गत मिशन शक्ति के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम के महिला कांस्टेबल पूजा सरोज, पिंक बूथ 25 थाना पारा, लखनऊ द्वारा अभियान के दौरान थाना पारा क्षेत्र के अंतर्गत करीब 20-25 महिलाओं और बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग किया गया। राहगीर महिलाओं और बच्चों को महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।